मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 284, मुंबई, गुरुवार, 16 जनवरी, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान
दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

## भोजपुरी एक्टर सुदीप पांडे की मौत से सदमें में इंडस्ट्री



## निधन की खबर से दुखी हुए फैंस

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** भोजपुरी एक्टर सुदीप पांडे के निधन की खबर से भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं कम उम्र में अभिनेता की निधन की वजह से उनके फैंस को भी गहरा सदमा पहुंचा है। सुदीप पांडे के परिवार की तरफ से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह उनका हार्ट अटैक की वजह से निधन हो गया। वह अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग में व्यस्त थे। सुबह 11:00 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली। मीडिया रिपोर्ट में सुदीप पांडे के दोस्तों के हवाले से दावा किया गया है कि बीते कुछ समय से सुदीप पांडे मुश्किल वक्त से गुजर रहे थे। उनका फिल्मी करियर ठीक नहीं चल रहा था। एक दोस्त ने बताया कि उन्होंने एक हिंदी फिल्म विक्टर बनाई थी, जिसमें उनके काफी पैसे डूब गए थे। इसी के बाद से वह तनाव में रहने लगे थे।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## अभिनेता सैफ अली खान पर

# चाकू से हमला



## लीलावती अस्पताल में भर्ती हुए एक्टर

**मुंबई हलचल/संवाददाता**


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और अभिनेत्री करीना कपूर के बांद्रा वेस्ट स्थित घर में गुरुवार तड़के करीब ढाई बजे बड़ी चोरी हो गई। चोरी के दौरान सैफ अली खान पर चाकू से हमला भी किया गया। पुलिस ने बताया कि सैफ अली खान को लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। सूत्रों ने बताया कि उन्हें मामूली चोटें आई हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उन्हें पहले चाकू मारा गया या चोर से झड़प में वे घायल हुए।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## 'पहले सलमान, बाबा सिद्दीकी और अब सैफ...', एक्टर पर हमले से बॉलीवुड में हलचल तेज

## हमले में बीजेपी नेता ने दिया बड़ा बयान, बोले– पुलिस की जिम्मेदारी...!

अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले की खबर से सभी हैरान है। उनकी सुरक्षा के लिए बॉडीगार्ड और सुरक्षाकर्मी होने के बावजूद इस तरह की घटना सुरक्षा पर भी सवाल खड़ा करती है। ऐसे में अब एक बीजेपी नेता का भी बयान सामने आया है। सैफ अली खान पर हमले के बाद भारतीय जनता पार्टी के नेता राम कदम ने इस घटना की निंदा की है। साथ ही नेता राम कदम ने इस घटना के लिए पुलिस को जिम्मेदार ठहराया है। राम कदम ने कहा है कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, यह सुनिश्चित करना पुलिस की जिम्मेदारी है।



## 'मुंबई को कमजोर करने की साजिश'

सैफ अली खान पर हमले के बाद अब इस मुद्दे को राजनीतिक मोड़ मिलने में देर नहीं लग रही है। इस हमले के बाद से कही सुरक्षा व्यवस्था तो कही पुलिस को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। लेकिन प्रियंका चतुर्वेदी ने फडणवीस सरकार पर ही हमला बोल दिया है। प्रियंका चतुर्वेदी ने एक्स पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने फडणवीस सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट पर लिखा, यह कितनी शर्म की बात है कि मुंबई में एक और हाई प्रोफाइल हत्या की कोशिश की गई, सैफ अली खान पर हमला एक बार फिर मुंबई पुलिस और गृह मंत्री पर सवाल उठाता है।

## प्रियंका चतुर्वेदी का एक्स पोस्ट

उन्होंने आगे लिखा, यह उन घटनाओं की एक सीरीज के बाद हुआ है जो दिखाती हैं कि बड़े नामों को निशाना बनाकर मुंबई को कमजोर करने की जानबूझकर कोशिश की जा रही है।

- **बाबा सिद्दीकी की चौंकाने वाली हत्या के बाद उनका परिवार अभी भी न्याय का इंतजार कर रहा है।**
- **सलमान खान को बुलेटप्रूफ घर में रहने के लिए मजबूर होना पड़ा।**
- **अब सैफ अली खान की बारी है। सब बांद्रा में। एक ऐसा इलाका जहां सबसे ज्यादा मशहूर हस्तियां रहती हैं, जहां पर्याप्त सुरक्षा होनी चाहिए। अगर मशहूर हस्तियां सुरक्षित नहीं हैं तो मुंबई में कौन सुरक्षित है? सैफ अली खान के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।**

## हमारी बात

### जहां ऐसे स्कूल हों!



**वर्ष 2023-24 के शैक्षणिक सत्र में देश में करीब 13 हजार ऐसे स्कूल थे, जहां एक भी छात्र ने दाखिला नहीं लिया, जबकि उन स्कूलों में करीब 32 हजार शिक्षक थे। दूसरी तरफ ऐसे स्कूल भी हैं, जहां सिर्फ एक शिक्षक है।**

विकसित भारत बनाने के जारी उद्घोष के बीच ये खबर अहम है कि 2023-24 के शैक्षणिक सत्र में देश में करीब 13 हजार ऐसे स्कूल थे, जहां एक भी छात्र ने दाखिला नहीं लिया, जबकि उन स्कूलों में करीब 32 हजार शिक्षक थे। इनमें से करीब एक चौथाई स्कूल पश्चिम बंगाल में हैं। उसके बाद राजस्थान और तेलंगाना का नंबर है। पश्चिम बंगाल में तीन हजार से ज्यादा ऐसे सरकारी स्कूल हैं, जहां 2023-24 के दौरान एक भी छात्र भर्ती नहीं हुआ। जबकि उन स्कूलों में 14 हजार से ज्यादा शिक्षक हैं। जाहिर है, ये शिक्षक बिना किसी काम के ही वेतन लेते रहे। दूसरी ओर इस राज्य में छह हजार से ज्यादा ऐसे स्कूल हैं, जहां छात्र तो बड़ी संख्या में हैं, मगर हर स्कूल में सिर्फ एक शिक्षक है। उन स्कूलों में छात्रों की तादाद करीब ढाई लाख है। वैसे यह कोई चौंकाने वाली खबर नहीं है। इसलिए कि विभिन्न राज्यों से पहले भी इस तरह के अजूबा और उपेक्षित स्कूलों के बारे में खबरें आती रही हैं। खास बात सिर्फ नए आंकड़ों की है। ये तथ्य केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट से सामने आए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिम बंगाल में ये हाल तब है, जब कोरोना काल छात्रों की कमी के कारण करीब पांच सौ सरकारी स्कूलों को बंद कर दिया गया था। वैसे दूसरे राज्यों में भी हालात बेहतर नहीं हैं। गौरतलब है कि रिपोर्ट में बीच में ही पढ़ाई छोड़ने वाले छात्रों की बढ़ती तादाद पर भी चिंता जताई गई है। 2023-24 के दौरान हाई स्कूल से पहले पढ़ाई छोड़ देने वाले छात्रों की तादाद 12.01 प्रतिशत पहुंच गई। इस मामले में पहले नंबर पर बिहार है। तो ये रिपोर्ट भारत में जमीनी स्तर पर शिक्षा की बढ़ती बदहाली पर से परदा हटाती है। जब देश की बुनियाद ऐसी हो, तो उस पर कितना विकसित महल खड़ा हो सकता है? मगर इस मूलभूत प्रश्न पर बहस और चर्चा की देश में कम ही गुंजाइश है। इसलिए कि हमारे कर्ता-धर्ता हर मसले को सियासी तू तू-मैं मैं में समेट देते हैं। पश्चिम बंगाल भी यही होता दिख भी रहा है।

# मिट्टी में दबी नवजात को मिला नया जीवन, मां ने ठुकराया, बाल कल्याण समिति ने दी नई राह

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश के जनपदसंभल के थाना नखासा क्षेत्र में एक दर्दनाक इंसानियत को झकझोरने वाली घटना सामने आई है। एक नवजात बच्ची, जिसे किसी ने निर्दयता से मिट्टी में दबा दिया था। यह बच्ची पूरी रात मिट्टी में दबी रही, लेकिन उसकी जिंदगी का दीपक बुझने से पहले ही पुलिस ने उसे बचा लिया।

पूरी रात मिट्टी में दबी रही मासूम थाना नखासा क्षेत्र में कुछ ग्रामीणों ने रात के समय मिट्टी के नीचे से हल्की आवाज सुनी। जब उन्होंने पास जाकर देखा, तो नवजात बच्ची मिट्टी में दबी हुई थी। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर बच्ची को बाहर निकाला। बच्ची को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी स्थिति को गंभीर बताते हुए इलाज शुरू किया। जांच में पता चला कि बच्ची




की मां मुरादाबाद जिला कारागार में बंद है। जब नवजात को मां को सौंपने का प्रयास किया, तो मां ने बच्ची को अपनाने से मना कर दिया।

**बाल कल्याण समिति ने दी सहारा**

बच्ची के स्वस्थ होने के बाद, पुलिस ने उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया। समिति ने बच्ची के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए बच्ची को बिशेष दत्तक अभिग्रहण बदायूं रखने का आदेश किया। यहां बच्ची का पालन-पोषण और देखभाल की जाएगी।


**इंसानियत की मिसाल**

इस घटना ने जहां मानवता पर सवाल उठाए हैं, वहीं पुलिस और बाल कल्याण समिति की तत्परता ने यह साबित किया है कि हर जीवन की अपनी अहमियत है। मिट्टी में दबी इस बच्ची की जिंदगी बचाने के लिए की गई कोशिशें समाज के लिए एक प्रेरणा हैं। यह नवजात अब बाल संरक्षण गृह में सुरक्षित है, और उम्मीद है कि उसका भविष्य उज्ज्वल होगा। यह घटना इंसानियत का एक ऐसा चेहरा दिखाती है, जिसे हमें हमेशा जीवित रखना चाहिए। आदेश करते समय बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री गौरव गुप्ता, सदस्य गौरव शर्मा व नूतन चौधरी रहे।

# कानपुर में मौत बनकर घूमते कुत्ते, शादी की सालगिरह के पहले योग शिक्षिका की भी ली जान

## 5 साल के अंदर एक दर्जन से ज्यादा की मौत का कारण बन चुके आवारा कुत्ते, कई घायल अपाहिज वाले हालातों से रहे गुजर

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश का अर्थ सम्मेलन सेट जिला कानपुर महानगर आजकल आवारा कुत्तों की चपेट में है। पूरे शहर में मौत बनकर घूम रहे यह आवारा कुत्ते बीते 5 साल के अंदर अनेक लोगों की असमय मौत का कारण भी बन चुके हैं। वहीं कई घायल हुए लोग अपाहिज वाले हालातो से भी गुजर रहे हैं। इन्हीं आवारा कुत्तों ने एक योग शिक्षिका की भी जान ले ली। वह आगामी 19 फरवरी को अपनी शादी की 35 सालगिरह मनाने वाली थी साथ ही महाकुंभ स्नान करने के लिए 2 फरवरी को प्रयागराज भी जाने वाली थीं। घटना के बाद उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मुताबिक काकादेव थाना क्षेत्र में हुई इस घटना के बारे में प्राप्त जानकारी के मुताबिक बर्रा-1 जेड-1 ब्लॉक निवासी सुरेश यादव की पत्नी अन्नपूर्णा देवी (56) योग शिक्षिका थीं। वह घर-घर जाकर योगा सिखाती थीं। मौके पर पहुंची पुलिस को परिवार



वालों ने बताया कि घटना के समय योग शिक्षिका अन्नपूर्णा देवी काकादेव थाना क्षेत्र के नवीन नगर में योगा सिखाने के बाद स्कूटी से घर लौट रही थीं। तभी गुरुगोविंद सिंह स्टेडियम के पास आवारा कुत्तों ने उन्हें दौड़ा लिया। जिसके फल स्वरुप स्कूटी भगाने पर वह असंतुलित होकर सड़क किनारे बिखरी ईंटों पर जा गिरीं। हुक खुला होने से हेलमेट भी दूर जा गिरा। इससे सिर में गंभीर चोट लग गई। वहां मौजूद हॉस्टल के छात्र उन्हें पास के पनेसिया हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर काकादेव थाना प्रभारी मनोज भदौरिया हॉस्पिटल पहुंचे। महिला के पर्स से बरामद दस्तावेज के आधार पर टीचर की शिनाख्त कर परिजनों को फोन कर अस्पताल बुलाया। अस्पताल पहुंचे पति सुरेश यादव ने बताया कि 19 फरवरी को हमारी शादी की 35वीं सालगिरह है। साथ ही वह अन्नपूर्णा के साथ 2 फरवरी को महाकुंभ में स्नान करने भी जाने वाले थे।लेकिन इस घटना ने जीवन भर नहीं भूलने वाले दुख के सागर में धकेल दिया। जिससे परिवार में कोहराम मचा है।

# समस्या की जड़ें गहरी

**रूस-यूक्रेन युद्ध में ना तो यह किसी भारतीय की पहली मौत है, और ना ही भारत ने रूस से पहली बार सभी भारतीयों को वापस भेजने की मांग की है। लेकिन वो बातें अब तक औपचारिकता ही बनी हुई हैं।**

किसी भारतीय की विदेश में युद्ध मोर्चे पर मौत के बाद देश में नाराजगी पैदा होना स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। रूस-यूक्रेन युद्ध के सिलसिले में फिर ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है। केरल के 32 वर्षीय बिनी टीबी की मौत रूस-यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में हुई। खबरों के मुताबिक आईटीआई से मेकनिकल डिप्लोमा करने के बाद बिनी अपने रिश्ते के भाई जायन टीके के साथ नौकरी की तलाश में रूस गए। वहां रूसी सेना में काम मिला, जिसने दोनों को यूक्रेन मोर्चे पर भेज दिया। वहीं बिनी की मौत हो गई, जबकि जायन जख्मी हुए। अब भारत सरकार ने रूस से कहा है कि वहां सेना में नौकरी कर रहे सभी भारतीयों को तुरंत इस काम मुक्ति देकर स्वदेश लौटाया जाए।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# कोलसा मोहल्ला राणावाव हालाई मेमन जमात का 22वां सालाना प्राईज डिस्ट्रीब्यूशन 2025 हुआ शानदार

## मेमन समाज के 450 बच्चों को इनामात से नवाजा गया

**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** कोलसा मोहल्ला राणावाव हालाई मेमन जमात की जानिब से 22वां सालाना प्राईज डिस्ट्रीब्यूशन प्रोग्राम की शुरूआत इतवार 12 जनवरी 2025 को मुंबई के इस्लाम जिमखाना के बाय व्यु ग्राउंड मरिन ड्राइव में साम 7 बजे बड़े पैमाने पर शानो शौकत से मनाया गया। प्रोग्राम का आगाज मास्टर हाफि ज अबुबकर आमीर मर्चेंट की तिलावत से किया गया। वहीं इमरान फ्रुटवाला ने अपने अंदाज में पुरे प्रोग्राम को होस्ट किया और आए हुए सभी महेमाने खुशुसी के साथ साथ तमाम मौजूद महेमांनान की तारुफ कराते हुए स्टेज पर बुलाया। इस मौके पर मुख्य चिफ गेस्ट के तौर पर दारुल रेहमत ट्रस्ट के ट्रस्टी फरीद अली मोहम्मद जरीवाला, फंक्शन प्रेसिडेंट में जमात के प्रेसिडेंट अनवर लतीफ अब्बाजुम्मा की मौजूदगी में यह प्राईज डिस्ट्रीब्यूशन का शानदार आयोजन किया गया।



इस मौके पर गेस्ट ऑफ ऑनर्स में एडवोकेट युसूफ अब्राहानी, एडवोकेट युसुफ इकबाल युसुफ, ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के प्रेसिडेंट इकबाल मेमन ऑफिसर, सेक्रेटरी अब्दुल अजीज भाई मच्छीवाला, अफरोज भाई हसनफत्ता, डॉक्टर रउफ सुमार, माहीम मखदुम शाह बाबा दरगाह के ट्रस्टी सोहैल खंडवानी, जाहिद झवेरी, एडवोकेट सुरुचि युसुफ इकबाल, जुबेदा बाई खंडवानी, मौजूद रहे। साथ ही साथ जमात के ट्रस्टी इब्राहिम हाशम कोलसावाला, हाजी रेहमतुल्ला पटेल (हाजी भाई) अब्दुल सत्तार युसुफ (बाबा भाई सोपारीवाला), की मौजूदगी में जमात के व्हाइस प्रेसिडेंट शफी उस्मान नियामा, जनरल सेक्रेटरी अल्ताफ हुसैन शिवानी, जोइंट सेक्रेटरी नूर मोहम्मद यूसुफ पटेल, एड्युकेशन कमिटी के इब्राहिम हाशम कोलसावाला, सिराज युसुफ दरबार, अमीन शफी अजमेरी, आसिफ उस्मान अब्बजुम्मा, आमीर इब्राहिम वकील, लेडीज विंग कमिटी में शेरबानुं गुल्लर, शबाना कोलसावाला, आबीदा जवेरी, तबस्सुम धोराजी वाला, सुमैया वचप्पल वाला, समेत मुंबई शहर के कई नामी गिरामी सख्सियात मौजूद रहे। यह एवोर्ड फंक्शन में 2023/24 के 450 बच्चों को जिन्होंने अपनी पढ़ाई में कामयाबी हासिल किए ऐसे टेलेंटेड नर्सरी से लेकर टोपर्स के बच्चों को जमात की तरफ से शानदार पुरस्कार एवोर्ड और सर्टिफिकेट देकर होंसला अफजाई की गई। साथ में आए हुए महेमानों को भी एवोर्ड देकर विशेष सम्मान किया गया।

कोलसा मोहल्ला राणावाव हालाई मेमन जमात 1885 से मुंबई में स्थापित है और हमेशा से जमात के जरुरतमंद लोगों को दवाई का खर्च, अनाज देना, बेवा और बे शहारा महिलाओं को महिने की खर्ची देने के अने कों सारहना कामों को अंजाम दिया जाता है। यह एवोर्ड फंक्शन पिछले 21 साल से हो रहा है। इस एवोर्ड फंक्शन में हर साल की तरह इस साल भी बच्चों की टाईम की एहमियत के लिए फंक्शन में जल्दी आने के लिए समय की पाबंदी का एहसास दिलाने के लिए स्पेशियल इअर्ली बर्डस लकी ड्रॉ प्राईज का भी आयोजन किया गया।

जिसमें 10 बच्चों को लकी ड्रॉ से इनामात से नवाजा गया। प्रोग्राम के आखरी में एवर्ड फंक्शन में आए हुए सभी महेमानों का जमात के जनरल सेक्रेटरी अल्ताफ हुसैन शिवानी ने शुक्रिया अदा किया। प्रोग्राम को कामयाब बनाने के लिए शफी नियामा, अल्ताफ शिवानी, शेरबानुं गुल्लर, फेमिदा मोतीवाला, सबिहा कापड़िया, यास्मीन झटकल, मुमताज झटकल, जैनब झटकल, ने अपनी महेनत से इसे कामयाब बनाया और प्रोग्राम को पाए तकमील तक पहुंचाया।

# राष्ट्रीय सैनिक संस्था के सदस्य चतुर्थ सशस्त्र बल वयोवृद्ध परेड में हुए शामिल




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** 12 जनवरी 2025 रविवार को एनसीपीए, नरीमन पॉइंट स्थित राष्ट्रीय सैनिक संस्था के सदस्य चतुर्थ सशस्त्र बल वयोवृद्ध परेड में शामिल हुए। परेड की शुरूआत महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री सीपी राधाकृष्णन जी द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। सभी सेवानिवृत्त सेना, वायु सेना, नौसेना अधिकारी अपने परिवार के सदस्यों के साथ परेड में शामिल हुए। उन्होंने वयोवृद्धों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए विशेष पूर्णतः तरह सजी हुई ओपन बस की सवारी का भी इंतजाम किया गया था। आरएसएस की अध्यक्षा माननीय डॉ. अर्चना देशमुख जी अपनी टीम के सदस्यों निधि अय्यर संयुक्त सचिव और सुवर्णा अम्बाला के साथ परेड में शामिल हुईं। परेड के बाद सभी सम्मान समारोह में शामिल हुए। कई लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में देशभक्ति गीत देशभक्ति नृत्य भी शामिल किया गया। कुल मिलाकर कार्यक्रम अद्भुत था और एक शानदार अनुभव था। अर्चना देशमुख जी ने ऑर्गेनाइजर सभी टीम सदस्यों का धन्यवाद दिया।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### अभिनेता सैफ अली खान पर चाकू से हमला

मुंबई पुलिस और क्राइम ब्रांच दोनों ही मामले की जांच कर रहे हैं। बांद्रा पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीमें बनाई गई हैं। करीना कपूर और उनके बच्चे सुरक्षित हैं। परिवार ने अभी तक घटना पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। शुरूआती जांच के बाद पुलिस जल्द ही मामले की जानकारी साझा कर सकती है। घर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। जिस वक्त घटना हुई उस वक्त अभिनेता अपनी पत्नी करीना और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर में सो रहे थे। पुलिस के मुताबिक चोर घर में चोरी के इरादे से घुसा था लेकिन जब सैफ जाग गए तो उसने उनपर चाकू से हमला कर दिया और फरार हो गया। पुलिस अब उसकी तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक, यह घटना सुबह करीब 3 बजे की है। सैफ के घर में एक चोर घुस आया। इस दौरान कुछ नौकर नींद से जाग गए। उन्होंने शोर मचाया। सैफ अली खान भी जाग गए। वह बाहर आए। उन्होंने चोर को पकड़ने की कोशिश की। इस दौरान चोर ने सैफ पर चाकू से हमला कर दिया। वह घायल हो गए। नौकर और घर के कुछ सदस्य सैफ को अस्पताल ले गए। उन्हें भर्ती कराया गया। राहत की बात यह रही कि सैफ की चोट गंभीर नहीं है।

### भोजपुरी एक्टर सुदीप पांडे की मौत से सदमें में इंडस्ट्री

सुदीप पांडे की शादीशुदा लाइफ में भी काफी टेंशन था। पहले वह मुंबई के अंधेरी इलाके में रहते थे। लेकिन कुछ समय पहले ही वह तलोजा में रहने लगे थे। सुदीप पांडे के आकस्मिक निधन की खबर की वजह से भोजपुरी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। कहा यह भी जा रहा है कि उनकी मौत स्वाभाविक है या फिर मामला कुछ और है इसके लिए जांच चल रही है। हालांकि परिवार की तरफ से हार्ट अटैक की जानकारी दी गई है। दूसरी तरफ सुदीप पांडे ने कुछ समय पहले ही एनसीपी पार्टी ज्वाइन की थी और उन्हें पार्टी में पद भी मिला था। सुदीप पांडे ने 2007 में भोजपुरी फिल्म भोजपुरिया भैया से अपने करियर की शुरूआत की थी। उन्होंने इस फिल्म को प्रोड्यूस भी किया था। इसके अलावा उन्होंने भोजपुरिया दरोगा, मसीहा बाबू जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया था।

# प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स टीम ने रामकृष्ण मिशन मुंबई को भेंट किया वार्षिक कैलेंडर

**मुंबई।** 15 जनवरी 2025 को स्वामी विवेकानंद जी की 162वीं जयंती सप्ताह के पावन अवसर पर राम कृष्ण मिशन की मुंबई शाखा खार रोड में प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स की राष्ट्रीय संगठन महासचिव श्रीमती शशि दीप के नेतृत्व में मुंबई टीम के पदाधिकारियों के साथ मठ के कोषाध्यक्ष स्वामी कल्यानात्मानंद स्वामी से सौजन्य भेंट कर संगठन का वार्षिक कैलेंडर भेंट किया गया। आश्रम के स्वामी कल्यानात्मानंद के सानिध्य में सम्पन्न इस विशेष बैठक में PCWJ के महाराष्ट्र प्रदेश संयोजक जाने-माने सोशल आंटरप्रेनियोर श्री जयेश खाड़े, युवा समाजसेवी सुश्री आरती चव्हाण, तथा राष्ट्रीय सचिव रामानुज भट्टड की विशेष उपस्थिति रही। राम कृष्ण मिशन मठ द्वारा PCWJ टीम का विशेष स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्रीमती शशि दीप ने स्वामी कल्यानात्मानंद को संगठन के संबंध में अवगत कराते हुए बताया कि प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स पत्रकारों की सुरक्षा व कल्याण के लिए देशव्यापी अभियान चला रहा है उसमें ऐसे संस्थान के आशीर्वाद की आवश्कता है। रामकृष्ण मिशन के कोषाध्यक्ष स्वामी जी ने संगठन को सहयोग व समर्थन प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर शशि दीप ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में समाहित कर विश्व में सहज ढंग से शांति, सद्भाव व भाईचारा कायम किया जा सकता है व उनके बताये मार्गों का अनुसरण करना ही हमारी उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



## राहुल के विवादित बयान पर भाजपा का पलटवार, बोले नड्डा

हर भारतीय राज्य, वाले बयान पर सियासत गरमाई

# राहुल ने उजागर किया कांग्रेस का सच, देशविरोधी ताकतों को बढ़ाने का 'इतिहास' आया सामने

### कांग्रेस के तंत्र का शहरी नक्सलियों और डीप स्टेट के साथ घनिष्ठ संबंध उजागर

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लड़ाई भाजपा ही नहीं हर भारतीय राज्य से वाले बयान को लेकर सियासत शुरू हो गई है। भाजपा ने राहुल पर पलटवार किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास रहा है कि उसने देश को कमजोर करने वाली ताकतों को बढ़ावा दिया है। नड्डा ने एक्स पर लिखा कि कांग्रेस का घिनौनी सच किसी से छिपा नहीं है।

अब उनके अपने नेता ने ही इसका पर्दाफाश कर दिया है। मैं राहुल की सराहना करता हूं कि उन्होंने वह बात साफ-साफ कही जो देश जानता है कि वह भारतीय राज्य से लड़ रहे हैं। यह कोई रहस्य नहीं है कि राहुल और उनके तंत्र का शहरी नक्सलियों और डीप स्टेट के साथ घनिष्ठ संबंध है। जो भारत को बदनाम करना चाहते हैं। उनके बार-बार के कार्यों ने भी इस विश्वास को मजबूत किया है। उन्होंने जो कुछ भी किया या कहा है वह भारत को तोड़ने और हमारे समाज को विभाजित करने वाला है।

**सत्ता के लालच में कांग्रेस कुछ भी करने को तैयार**

नड्डा ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास उन सभी ताकतों को बढ़ावा देने का रहा है, जो एक कमजोर भारत चाहते हैं। सत्ता के लिए उनके लालच का मतलब देश की अखंडता से समझौता करना और लोगों को धोखा देना था।



**ये भी बोले**



### राहुल का बयान पूर्व नियोजित और प्रायोजितः पूनावाला

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने भी राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल का बयान महज संयोग नहीं है बल्कि जॉर्ज सोरोस द्वारा पूर्व नियोजित और प्रायोजित है। आज कांग्रेस और राहुल ने साफ कर दिया है कि भाजपा और पीएम मोदी का विरोध करते-करते वे देश का विरोध करने लगे हैं। वे और उनके समर्थक 'भारत तोड़ो' के एजेंडे पर चलते हैं।



### राहुल संविधान को लेकर क्यों घूम रहे? सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आश्चर्य जताया कि वे भारतीय संविधान को हाथ में क्यों लेकर घूम रहे हैं। एक्स पर पोस्ट में सीतारमण ने कहा कि राहुल जिन्होंने संविधान की शपथ ली थी, अब कह रहे हैं कि हम भाजपा, आरएसएस और भारतीय राज्य से ही लड़ रहे हैं।

### अपनी मानसिक स्थिरता की जांच कराएं राहुलः हरदीप

भाजपा नेता हरदीप पुरी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल को अपनी मानसिक स्थिति पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने राहुल के किसी बयान का जिक्र किए बिना कहा कि उनसे कहिए वे जाकर अपनी मानसिक स्थिरता की जांच कराएं।

---

केजरीवाल अपनी सीट हार रहे हैं, इसलिए बौखलाए हैंः भाटिया

## केजरीवाल खुद तो नेता विपक्ष बन नहीं सकते अमानतुल्लाह को बना सकते हैंः भाजपा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भाजपा ने कहा है कि आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष भी नहीं बन सकते, क्योंकि अदालत के आदेश के बाद केजरीवाल किसी भी सरकारी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते। ऐसे में वे नेता प्रतिपक्ष का चेहरा भी नहीं बन सकते। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने प्रेसवार्ता में यह भी आरोप लगाया कि केजरीवाल बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को दिल्ली में बसाने वाले नेताओं जैसे अमानतुल्लाह खान को नेता प्रतिपक्ष बना सकते हैं। दूसरी बात ये भी तय है कि केजरीवाल दिल्ली में अपनी सीट हार रहे हैं, इसलिए बौखलाए हुए हैं।

भाटिया ने कहा कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और सत्येंद्र जैन जैसे नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जमानत पर बाहर हैं। केजरीवाल ने दिल्ली के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए झूठे बयान दिए। केजरीवाल ने यमुना को साफ करने यूरोप जैसी सड़कें बनाने हर घर में स्वच्छ पानी देने और 20 कॉलेज व अस्पताल बनाने के वादे किए थे लेकिन इनमें से कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ। भाटिया ने कहा कि केजरीवाल अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए ध्यान भटकाने वाली रणनीति का सहारा ले रहे हैं, जिसमें उनके कई दावों का हवाला दिया गया है, जिसमें मुख्यमंत्री आतिशी की संभावित गिरफ्तारी और भाजपा द्वारा रमेश बिधूड़ी को अपना सीएम उम्मीदवार घोषित करना शामिल है। भाटिया ने 'विश्वसनीय सूत्रों' का हवाला देते हुए दावा किया कि केजरीवाल विपक्ष के नेता के लिए खान और नरेश बालियान पर विचार कर रहे हैं क्योंकि भाजपा को बहुमत मिलना तय है।

भाटिया ने कहा कि ये स्पष्ट होता जा रहा है कि केजरीवाल भारत विरोधी गतिविधियों में अक्सर उन शक्तियों के साथ खड़े रहते हैं, जो भारत को कमजोर करने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान मुख्य मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने केजरीवाल प्रेस वार्ता करके कहते हैं, विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि सिसोदिया के घर अगले कुछ दिनों में रेड होगी तो दूसरी प्रेस वार्ता कर कहते हैं कि भाजपा से बिधूड़ी मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे। जनता के मुद्दों पर चर्चा न हो इसलिए ऐसी प्रेस वार्ता कर रहे हैं।

भाटिया ने कहा ये तो तय है कि दिल्ली में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। हम ऐसा सीएम देंगे जो मजबूती से कार्य करेगा। दिल्ली को आगे बढ़ाएगा। केजरीवाल की तरह बेईमान नहीं होगा।

---

मुख्यमंत्री नायब ने हाउसिंग फॉर आल विभाग की सभी योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

## हरियाणा के सभी पात्र परिवारों को जल्द ही मिलेंगे 100-100 गज के प्लाट

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 'मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना' और 'प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना' के तहत प्रदेश सरकार सभी गरीब परिवारों को जल्द ही आशियाना उपलब्ध कराएगी। इसके लिए हाउसिंग फॉर आल विभाग द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध किये जा चुके हैं। प्रदेश के पात्र लोगों को 100-100 वर्ग गज़ के प्लाट आबंटन की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से पूर्ण की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में आयोजित की गई हाउसिंग फॉर आल विभाग की समीक्षा बैठक में यह जानकारी प्रदान की गई। योजना के तहत 100-100 वर्ग गज के प्लॉट शहरों की तर्ज पर सभी बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित विकसित कॉलोनियों में दिए जाएंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री द्वारा 100 करोड़ रूपए की राशि की स्वीकृति पहले ही प्रदान की जा चुकी है।

### पेमेंट के लिए लोन की भी हो व्यवस्था

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र परिवारों को फ्लैट या प्लाट आबंटन के लिए दी जाने वाली राशि को बैंकों के माध्यम से फाइनेंस करवाए जाने की सुविधा भी हो ताकि एकमुश्त भुगतान की व्यवस्था न होने की स्थिति में भी कोई पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे। इसी प्रकार, राज्य सरकार द्वारा 'मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना' के तहत शहरों में रहने वाले वाले लगभग 2.89 लाख से अधिक ऐसे परिवारों द्वारा घर के लिए आवेदन किया गया था, जिनके पास अपना घर नहीं है और जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है। इसमें प्लाट के लिए लगभग 1.51 लाख तथा फ्लैट के लिए 1.38 लाख लोगों ने आवेदन किया है। इसमें से 15256 को गत वर्ष प्रोविज़नल अलॉटमेंट लेटर जारी किये जा चुके हैं।

### मैनेजमेंट सिस्टम को परिवार पहचान पत्र के साथ जोड़ें

बैठक में जानकारी दी गई कि हाउसिंग बोर्ड हरियाणा ने लगभग 80,000 आवंटियों के डेटा के प्रबंधन के लिए प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर को सफलतापूर्वक डिजाइन और विकसित किया है। इससे पहले, संपत्तियों के सभी रिकॉर्ड भौतिक बहीखातों में एस्टेट मैनेजरों द्वारा मैन्युअल रूप से बनाए रखे जाते थे। आवंटियों को अपने ईएमआई भुगतान करने के बाद इन बहीखातों में अपने विवरण को अपडेट करने के लिए संबंधित एस्टेट मैनेजर के कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते थे। इसके अलावा, प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल को जमाबंदी पोर्टल के साथ एकीकृत किया गया है, जिससे हाउसिंग बोर्ड हरियाणा के तहत संपत्तियों के निर्बाध पंजीकरण की सुविधा मिलती है। यह एकीकरण संपत्ति रिकॉर्ड में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड के प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सिस्टम को परिवार पहचान पत्र के साथ भी लिंक किया जाए ताकि भविष्य में योजनाओं का और बेहतर क्रियान्वयन हो। बैठक में मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार, हाउसिंग फॉर आल विभाग के आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाईन, महानिदेशक जे गणेशन, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक चंद्रशेखर खरे सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

---

## कुलवंत, राजकुमार चौहान, इमरान हुसैन ने भी भरा पर्चा

# केजरीवाल, सत्येंद्र और प्रवेश सहित कई ने किया नामांकन दाखिल


मुंबई हलचल / नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल सहित पार्टी के अन्य कई बड़े नेताओं ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इनमें पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन, मौजूदा कैबिनेट मंत्री इमरान हुसैन के साथ कई मौजूदा विधायक शामिल है। केजरीवाल नामांकन से पहले, वह अपने परिवार के साथ वाल्मीकि मंदिर और प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंचे और शीश झुकाकर भगवान से आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने दिल्ली की समृद्धि, शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इसके बाद वह 'आप' मुख्यालय पहुंचे और यहां से पूरी दिल्ली से भारी तादात में आई माताओं-बहनों के साथ करीब डेढ़ किलोमीटर की पदयात्रा कर नामांकन दाखिल करने पहुंचे। पदयात्रा में 'फिर लाएंगे केजरीवाल' गाने पर महिलाएं जमकर डांस कीं और अरविंद केजरीवाल को जीत का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल और दोनों बेटा-बेटी के साथ उनकी बहन भी मौजूद रहीं। नामांकन दाखिल करने के बाद अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रवेश वर्मा लोगों में जूते बांट रहे हैं, जैकेट और पैसे बांट रहे हैं। उनको यह लगता है कि दिल्ली की जनता को एक जोड़ी जूते देकर खरीदा जा सकता है। यह दिल्ली की जनता का अपमान है। वहीं मौजूदा मंत्री इमरान हुसैन ने नामांकन से पहले रोड शो कर बल्लीमारान से अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने मेगा रोड शो कर शकूरबस्ती से नामांकन किया। शकूरबस्ती के सरस्वती विहार से जैन मंदिर तक हुए नामांकन रोड शो में सांसद संजय सिंह और पूर्व सांसद डॉ. सुशील गुप्ता शामिल हुए। सत्येंद्र जैन ने कहा कि आज मैंने अपना नामांकन दाखिल किया। जो प्यार मुझे नामांकन रैली में मिला, जो उत्साह अपने विधानसभा क्षेत्र शकूरबस्ती की सड़कों पर दिखा, वो दर्शाता है कि इलाके के लोग अपने इस बेटे को एक बार फिर अपना आशीर्वाद जरूर देंगे। वहीं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनुराग ढांडा की मौजूदगी में बिजवासन विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी सुरेन्द्र भारद्वाज ने बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं नामांकन दाखिल करने से पहले पदयात्रा निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनुराग ढांडा ने उम्मीदवार और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। और जीत का मंत्र दिया। इसके अलावा कई अन्य आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों ने बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया।

चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार बुधवार को आम आदमी पार्टी से नामांकन दाखिल करने वाले उम्मीदवारों में नई दिल्ली से अरविंद केजरीवाल, बल्लीमारान से इमरान हुसैन, तिलकनगर से जरनैल सिंह, मटियाला से सुमेश शौकीन, तीमारपुर से सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू, मॉडल टाउन से अखिलेश पति त्रिपाठी, कृष्णा नगर से विकास बग्गा, जनकपुरी से प्रवीन कुमार, करोल बाग से विशेष रवि, बुराड़ी से संजीव झा, बादली से अजेश यादव, बदरपुर से राम सिंह नेता जी, विकासपुरी से महिंदर यादव, आरके पुरम से प्रमिला टोकस, बिजवासन से सुरेंद्र भारद्वाज, तुगलकाबाद से सहीराम, बवाना से जय भगवान, कस्तूरबा नगर रमेश पहलवान, अंबेडकरनगर से अजय दत्त, पटेल नगर से परवेश रतन आदि ने नामांकन दाखिल किया।

### डीपीसीसी अध्यक्ष देवेंद्र यादव सहित कई उम्मीदवारों ने भरे अपने पर्चे



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव सहित अन्य उम्मीदवारों ने पूरे लावलश्कर के साथ बुधवार को अपना पर्चा दाखिल किया। इनमें बादली विधानसभा से उम्मीदवार प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव, बुराड़ी विधानसभा से मंगेश त्यागी, राजा गार्डन से धर्मपाल चंदेला, कृष्णा नगर से गुरूचरन सिंह राजू, तिलक नगर से प्रविंद्र सिंह, मटियाला से राघविंद्र सिंह, महरौली से पुष्पा सिंह, सुल्तानपुर माजरा से जयकिशन, मादीपुर से जयप्रकाश पंवार, त्री नगर से सतेंद्र शर्मा, शालीमार से प्रवीण कुमार जैन, देवली से राजेश चौहान, आदर्श नगर से शिवालिक सिंघल, अंबेडकर नगर से जयप्रकाश सहित अन्य शामिल है। अधिकांश उम्मीदवारों ने नामांकन से पहले शक्ति प्रदर्शन करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने नामांकन के बाद कहा कि कांग्रेस के सभी उम्मीदवार चुनाव जीतने जा रहे है।

### भाजपा के 32 प्रत्याशियों ने दाखिल किया पर्चा



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व की उपस्थिति में भाजपा उम्मीदवारों की नामांकन यात्रा में दिल्ली की जनता ने भरपूर आशीर्वाद दिया और भाजपा प्रत्याशियों के पीछे चल रहा जन सैलाब इस बात का गवाह था कि जनता आम आदमी पार्टी की भ्रष्टाचारी सरकार से पूरी तरह से त्रस्त है और अब वह दिल्ली में परिवर्तन चाहती है। इसलिए जनता इस बार भाजपा प्रत्याशियों को अपना आशीर्वाद देकर दिल्ली में डबल इंजन की सरकार लाने वाली है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बुधवार को यह दावा करते हुए उक्त बयान जारी किया। उन्होंने बताया कि चुनाव के लिए बुधवार को नामांकन के पहले दिन दिल्ली भाजपा के 32 उम्मीदवारों ने श्री मुहूर्त में अपना अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। सचदेवा ने कहा कि नामांकन में नई दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने दिल्ली भाजपा चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा और भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। कालकाजी से भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी ने वीरेंद्र सचदेवा, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पूरी और सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी की उपस्थिति में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। मालवीय नगर से भाजपा प्रत्याशी सतीश उपाध्याय ने सचदेवा और सांसद बांसुरी स्वराज की उपस्थिति में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। रोहिणी से भाजपा प्रत्याशी विजेंद्र गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर की उपस्थिति में नामांकन दाखिल किया और भाजपा का विजय संकल्प दोहराया। पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत एवं राजकुमार आनंद ने भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की विजय यात्रा के बाद सादगी से चुनाव अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किए।करोल बाग से दुष्यंत सिंह गौतम, नरेला से राज करण खत्री, तिमारपुर से सूर्य प्रकाश खत्री, आदर्श नगर से राजकुमार भाटिया, रिठाला से कुलवंत राणा, किराड़ी से बजरंग शुक्ला, सुल्तानपुर से कर्म सिंह करमा, मंगोलपुरी से राजकुमार चौहान, नांगलोई से मनोज शौकीन, शालीमार बाग से रेखा गुप्ता, मॉडल टाउन से अशोक गोयल, सदर बाजार से मनोज कुमार जिंदल एवं मटिया महल से दीप्ति इंदौरा, हरिनगर से श्याम शर्मा, विकासपुरी से पंकज कुमार सिंह, द्वारका से प्रद्यूमन राजपूत, अम्बेडकर नगर से खुशी राम चुनार, बदरपुर से नारायण दत्त शर्मा, ओखला से मनीष चौधरी, पटपड़गंज से रविन्द्र सिंह नेगी, लक्ष्मी नगर से अभय वर्मा, विश्वास नगर से ओम प्रकाश शर्मा, घोंडा से अजय महावर, रोहताश नगर से जितेन्द्र महाजन, सीलमपुर से अनिल गौड़ ने सांसदों व केन्द्रीय मंत्री की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल किया।

---

पीएम ने इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन किया

## हमारी सरकार सेवा भावना अध्यात्म पर काम कर रही

मुंबई हलचल / नवी मुंबई

पीएम नरेंद्र मोदी ने नवी मुंबई के खारघर में इस्कॉन मंदिर का



उद्घाटन किया। इस दौरान महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और भाजपा सांसद हेमा मालिनी भी थीं।

उद्घाटन के बाद पीएम मोदी ने एक कार्यक्रम को संबोधित भी किया। उन्होंने बताया कि उनकी सरकार सेवा भावना के साथ काम कर रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ज्ञान और भक्ति की इस महान भूमि पर इस्कॉन के प्रयास से श्री श्री राधा मदनमोहनजी मंदिर का उद्घाटन किया जा रहा है। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे इस दिव्य उद्घाटन में भूमिका निभाने का मौका मिल रहा है। मैं अभी देख रहा था कि श्री श्री राधा मदनमोहन जी मंदिर परिषद की जो रूपरेखा है, इसका जो स्वरूप है, उसमें अध्यात्म और ज्ञान की सम्पूर्ण परंपरा के दर्शन होते हैं। मंदिर में ईश्वर के विविध स्वरूपों के दर्शन होते हैं।

---

पीएम मोदी की प्रेरणा से वडनगर के विकास का विजन हो रहा साकार

## शाह आज अनुभव संग्रहालय, प्रेरणा संकुल, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का करेंगे लोकार्पण

मुंबई हलचल / गांधीनगर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह गुरुवार को मेहसाणा जिले के वडनगर शहर में सैकड़ों करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। पुरातत्व अनुभव संग्रहालय, प्रेरणा संकुल और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जैसे विकास कार्यों के साकार होने से वडनगर आने वाले पर्यटकों को एक नया अनुभव मिलेगा।

गुजरात के प्राचीनतम जीवंत शहर वडनगर 2500 से अधिक वर्षों से लगातार आबाद रहने वाला यह शहर सात अलग-अलग राजवंशों के अधीन रहा है। वडनगर प्रमुख व्यापारिक मार्ग पर स्थित होने के कारण हिंदू, बौद्ध, जैन और इस्लाम धर्मों के संगम का एक जीवंत केंद्र था। तमाम ऐतिहासिक खूबियों के बावजूद अनजान सा रहा वडनगर उस वक्त देश और दुनिया के नक्शे पर चमक उठा, जब यहां की मिट्टी में पैदा हुए नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने। पीएम मोदी ने वडनगर के ऐतिहासिक महत्व और पर्यटन संभावनाओं को देखते हुए इससे जुड़ी परियोजनाएं शुरू करने के लिए प्रेरित किया।

### नए आकर्षणों के जरिए पर्यटकों को लुभाने की तैयारी




### मोदी की प्रेरणा से चहुंमुखी विकास हो रहा

पीएम की प्रेरणा से ही मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में राज्य सरकार वडनगर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और संवारने तथा इस ऐतिहासिक नगर में बुनियादी तथा पर्यटन सुविधाएं विकसित करने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। वडनगर पर आईआईटी खड़गपुर, आईआईटी गुवाहाटी, आईआईटी गांधीनगर और आईआईटी रुड़की की ओर से व्यापक बहु-विषयक शोध शुरू किया गया है।

### बौद्ध सर्किट का विकास हो रहा

मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में बौद्ध सर्किट का विकास हो रहा है, जिसका एक हिस्सा वडनगर से गुजरता है। मोदी की प्रेरणा से ही वडनगर रेलवे स्टेशन का विकास किया गया, ताकि पर्यटक वडनगर तक आसानी से पहुंच सकें। वडनगर के लगभग 4500 वर्ष पुराने शर्मिष्ठा तालाब का भी विकास किया गया है। पर्यटकों के लिए वहां बोटिंग की सुविधा भी विकसित की गई है और ओपन एयर थिएटर का भी निर्माण किया गया है।

### पुरातत्व अनुभव संग्रहालय

2500 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा का अनुभव केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह वडनगर में नवनिर्मित पुरातत्व अनुभव संग्रहालय का उद्घाटन करेंगे। यह भारत का अपनी तरह का पहला संग्रहालय है जिसे केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने राज्य के पुरातत्व और संग्रहालय निदेशालय के सहयोग से तैयार किया है।

**'प्रेरणा संकुल'** : आधुनिक तकनीक के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का पाठइसके साथ ही, केंद्रीय गृह मंत्री 72 करोड़ रुपए की लागत से तैयार 'प्रेरणा संकुल' राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

## मुद्रास्फीति समायोजित करने को आयकर पर राहत मिले

# सरकार बजट में 11 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय का लक्ष्य रखे : इक्रा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

*रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को कहा कि सरकार को अगले वित्त वर्ष के बजट में 11 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का लक्ष्य रखना चाहिए जबकि उपभोक्ता व्यय को बढ़ावा देने के लिए मुद्रास्फीति-समायोजित व्यक्तिगत आयकर पर राहत देनी चाहिए।*

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि पिछले बजट में रिकॉर्ड 11.11 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय अनुमान से लगभग 1.4 लाख करोड़ रुपये कम रहने की संभावना है। ऐसे में अगले बजट का लक्ष्य पिछले साल के स्तर पर तय किया जाना चाहिए।

### चार माह में 54 फीसदी व्यय करना होगा

इसके साथ ही नायर ने कहा कि पूंजीगत व्यय चालू वित्त वर्ष में बजट लक्ष्य को हासिल करने के लिए जरूरी रफ्तार से पीछे चल रहा है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान पूंजीगत व्यय 5.13 लाख करोड़ रुपये रहा है जो 11.11 लाख करोड़ रुपये के बजट अनुमान का 46 प्रतिशत है। इसका मतलब है कि वित्त वर्ष के बाकी चार महीनों में ही सरकार को 54 प्रतिशत व्यय करना होगा।

### पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता मिले

नायर नेकहा, हम चालू वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय में बड़ी गिरावट देख रहे हैं। अगले साल के लिए उम्मीद है कि पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता देने के लिए राजकोषीय गुंजाइश बनेगी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 4.5 प्रतिशत राजकोषीय घाटा लक्ष्य को हासिल किया जा सकेगा।



- पूंजीगत व्यय अनुमान से लगभग 1.4 लाख करोड़ कम रहने की संभावना
- अगले बजट का लक्ष्य पिछले साल के स्तर पर तय हो
- चालू वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय में बड़ी गिरावट दिख रही

### आयकर दायरे से अधिक करदाता बाहर न हो

नायर ने कहा, ''मुद्रास्फीति खर्च के लायक आमदनी को खत्म कर देती है। कर में राहत की मांग अनुचित नहीं है। हालांकि, कर राहत के मामले में कुछ मामूली रियायतें दी जा सकती हैं, लेकिन हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि हम बहुत अधिक लोगों को आयकर के दायरे से बाहर न करें।''

### कर में छूट से शहरी करदाताओं की मनोदशा बेहतर होगी

इससे 11 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया जा सकेगा जो चालू वित्त वर्ष के संभावित आंकड़ों से 11-12 प्रतिशत अधिक होगा।उन्होंने बजट में आयकर से जुड़ी अपेक्षाओं के बारे में पूछे जाने पर कहा कि आयकर स्लैब और दरों में कुछ बदलाव होने से शहरी करदाताओं की मनोदशा को बेहतर करने में मदद मिलेगी।

### आयकर के निचले स्लैब की दर बदले

नायर ने कहा कि ऐसा करते समय यह ध्यान रखना होगा कि कर राजस्व में बहुत अधिक गिरावट न आए और बहुत अधिक करदाताओं को कर के दायरे से बाहर न किया जाए। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री ने कहा, ''शायद आयकर के निचले स्लैब की दरों में बदलाव किया जाए या स्लैब में मुद्रास्फीति को समायोजित कर शुरुआत में ही थोड़ी राहत दी जाए।''

### आईटीआर दोनों व्यवस्था में दाखिल करने की छूट

वर्तमान में व्यक्तिगत करदाता या तो पुरानी कर व्यवस्था के तहत अपना आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल कर सकते हैं जो कटौती और छूट का लाभ प्रदान करती है या नई कर व्यवस्था के तहत जो करों की कम दर प्रदान करती है।

# इसुजु मोटर्स इंडिया की ओर से भारत मोबिलिटी एक्सपो 2025 में होगा कॉन्सेप्ट डी-मैक्स बीईवी का प्रदर्शन

**मुंबई।** इसुजु मोटर्स इंडिया साल 2025 के भारत मोबिलिटी एक्सपो में अपने बैटरी इलेक्ट्रिक व्हीकल (बीईवी) प्रोटोटाइप, डी-मैक्स बीईवी की पेशकश के साथ अपनी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी कॉन्सेप्ट पिकअप के प्रदर्शन के लिए तैयार है। इस वाहन को पहली बार इस साल की शुरुआत में थाईलैंड में पेश किया गया था। डी-मैक्स बीईवी को वाणिज्यिक और यात्री वाहनों की कई तरह की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विकसित किया गया है, साथ ही इसमें उस दमदार प्रदर्शन को भी बरकरार रखा गया है जिसकी उम्मीद पिकअप ट्रकों से की जाती है। यह सस्टेनेबल इनोवेशन की दिशा में के लगातार जारी सफ़र में एक बड़ा कदम है, जिससे जाहिर होता है कि कंपनी भविष्य के लिए तैयार समाधान विकसित करने के इरादे पर अटल है। यह कॉन्सेप्ट वाहन में आगे और पीछे की ओर हाल ही में विकसित किए गए ई-एक्सल के साथ-साथ फुल-टाइम 4WD सिस्टम लगाया गया है, जो उबड़-खाबड़ सड़कों और एक-समान रास्ते पर गति में बढ़ोतरी के मामले में बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं। डी-मैक्स बीईवी का फ्रेम और बॉडी डिज़ाइन काफी मजबूत है तथा इसके खींचने की क्षमता भी अधिक है, जो मौजूदा डीजल मॉडल की तरह ही अच्छा प्रदर्शन करेगा। डी-मैक्स बीईवी के अलावा, इसुजु की ओर से डी-मैक्स एस-



कैब जेड का एक्सेसरीज़्ड वर्जन भी प्रदर्शित किया जाएगा। यह वाहन ब्रांड की मजबूत, भरोसेमंद और बहु-उपयोगी वाहन पेश करने की विरासत का प्रमाण है। डी-मैक्स एस-कैब जेड को अपनी मजबूती और बेहतर क्षमता के लिए जाना जाता है, तथा प्रदर्शन एवं कार्यक्षमता के मामले में अव्वल दर्जे का यह वाहन वाणिज्यिक संचालन के लिए पसंदीदा विकल्प बना हुआ है। ये दोनों वाहन कंपनी की भारत मोबिलिटी थीम 'अभी... और हमेशा के लिए' के अनुरूप हैं। इसुजु मोटर्स इंडिया ने साल 2024 में अपने पोर्टफोलियो में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इसमें आंध्र प्रदेश के श्री सिटी में स्थित अत्याधुनिक सुविधाओं वाली अपनी मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी में एक लाख वाहनों का उत्पादन शामिल है। लोकप्रिय इसुजु डी-मैक्स मॉडल के लॉन्च के साथ कंपनी ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जिसने अपनी मजबूती और विश्वसनीयता के लिए लोगों के बीच अपनी पहचान बनाई है और उनका भरोसा जीता है। इसके अलावा, इसुजु मोटर्स इंडिया ने 'मेक-इन-इंडिया' के प्रति अपने संकल्प को दोहराते हुए, भारत से वाणिज्यिक वाहनों के एक बड़े निर्यातक के रूप में अपनी स्थिति को भी मजबूत किया है। इसुजु मोटर्स इंडिया ने उत्पादन बढ़ाने के अलावा देश भर में अपनी पहुँच का भी काफी विस्तार किया है। कंपनी आने वाले समय में ब्रांड को अपने ग्राहकों के और करीब ले जाने के लिए, सुनियोजित तरीके से अपने टच पॉइंट्स को बढ़ाने पर विचार कर रही है। कंपनी अपने कर्मचारियों में विविधता लाने की दिशा में भी आगे बढ़ रही है। इसकी प्रोडक्शन लाइन में काम करने वाले कर्मचारियों में 22% होनहार महिलाएँ शामिल हैं, जो सभी को साथ लेकर चलने और सक्षम बनाने के प्रति इसके संकल्प को दर्शाता है। इसुजु ने गुणवत्ता, विश्वसनीयता और इनोवेशन की बुनियाद पर तैयार किए गए वाहनों को लोगों तक पहुँचाना जारी रखा है, साथ ही कभी न थमेंगे का सिद्धांत ब्रांड के संचालन का सबसे अहम हिस्सा बना हुआ है, जो उपयोगी मोबिलिटी सॉल्यूशंस तैयार करने की दिशा में हर कदम को प्रेरित करता है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# कैमिकल दवाइयां करेंगी सेहत खराब, इन घरेलू चीजों से मच्छरों को रखें दूर



बरसात का मौसम आते ही मच्छरों का आंतक बहुत ज्यादा बढ़ जाता है। इनके काटने से डेंगू, मरेलियां जैसे बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है। मच्छरों को खुद से दूर रखने के लिए लोग कई तरह की कैमिक्ल युक्त दवाइयों को अपने शरीर पर लगाते हैं। इनसे सेहत पर गलत प्रभाव पड़ने लगता हैं। ऐसे में आप कुछ घरेलू चीजों का मिश्रण बनाकर लगा सकते हैं। इन चीजों को मिलाकर लगाने से मच्छर आपसे दूर भागेंगे। दूसरा इनका कोई साइड-इफैक्ट भी नहीं होगा।

## तो आइए जानते हैं वह कौन सी होममेड चीजें है जो मच्छरों को आपके पास नहीं आने देगा।

**1. लौंग और नारियल तेल**
मच्छरों को खुद से दूर रखने के लिए लौंग और नारियल तेल मिक्स करके अपने शरीर पर लगाएं। ऐसा करने से एक भी मच्छर आपके करीब नही आएगा क्योंकि मच्छरों को इसकी स्मैल बिल्कुल भी पसंद नहीं आती।

**2. नारियल तेल**
नीम और नारियल तेल को अच्छे से मिक्स कर लें। इसके बाद इस मिश्रण को शरीर पर लगाएं। इसको लगाने से मच्छर कम से कम 8 घंटे तक आपके पास नहीं आएंगे।

**3. नींबू**
नींबू और नीलगिरी भी मच्छरों को हमारे आस-पास नहीं आने देता। एक बर्तन में बराबर मात्रा में नींबू का रस और नीलगिरी मिलाकर एक मिश्रण तैयार कर लें। इसको घर से बाहर निकलते समय या फिर रात को अपने शरीर पर लगा लें।

**4. लहसुन**
लहसुन की बदबू भी मच्छरों को बिल्कुल पसंद नही होती। लहसुन को पीसकर पानी में उबाल लें। अगर आपको इसकी बदबू से कोई परेशानी ना हो तो आप इसको अपने ऊपर स्प्रे भी कर सकते हैं।

**5. नीम का तेल**
मच्छर बाहर भगाने के लिए नीम का तेल घर के आसपास छिड़क दें। आप चाहें को इसको अपने शरीर पर भी लगा सकते हैं। इससे मच्छर भाग जाएंगे।

**6. पुदीना**
पुदीना भी मच्छरों को आपके आस-पास नहीं आने देता। पुदीने को पीसकर इसका रस निकाल लें। इसे शरीर पर लगाने से मच्छर आपसे दूर भागेंगे।

## अच्छे शौक से नहीं बनेंगे बुढ़ापे में भुलक्कड़, डिमेंशिया का खतरा भी होगा कम

अगर आप बुढ़ापे में भूलने की बीमारी से परेशान होना नहीं चाहते तो अभी से ही कुछ अच्छे शौक पालना शुरू कर दीजिए। वैज्ञानिकों ने एक शोध में पाया है कि जवानी में किताबें पढ़ना, खेलना और आपसी मेलजोल की आदतों से बुढ़ापे में भी दिमाग शक्तिशाली बना रहता है। इससे डिमेंशिया का जोखिम भी कम होता है। ब्रिटेन के कैमिब्रज विश्वविद्यालय के अध्ध्ययन में पाया गया कि उम्र के साथ-साथ दिमाग का आकार भी छोटा होता जाता है लेकिन कुछ लोगों की स्मरण शक्ति और आईक्यू उम्र बढ़ने के बावजूद भी अच्छी बनी रहती है। शोधकत्ताओं का मानना है कि युवावस्था में दिमाग को ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने से वह आगे भी लचीला बना रहता है। 'न्यूरोबायोलॉजी ऑफ एजिंग जर्नल' में प्रकाशित इस अध्ययन से जुड़े डॉक्टर डेनिस चान का कहना है कि हमारा दिमाग कुछ हार्डवेयर के साथ ही शुरूआत करता है लेकिन इसे ज्यादा अधिक मजबूत बनाया जा सकता है। इसे संज्ञानात्मक रिजर्व कहा जाता है। उनका कहना है कि 35 से 65 साल क बीच आप जो कुछ भी करते हैं, उससे 65 की उम्र के बाद डिमेंशिया का खतरा कम या ज्यादा होता है। शोधकताओं ने 66 से 88 साल की उम्र मके 205 लोगों के दिमाग का एम.आर.आई किया।

# वैक्सिंग के दर्द को कम करने के लिए अपनाएं ये आसान ट्रिक्स

शरीर के अनचाहे बालों से निजात पाने के लिए लड़कियां समय-समय पर वैक्सिंग का सहारा लेती है जो काफी मशहूर ट्रीटमेंट है। वैक्सिंग से न केवल अनचाहे बाल बल्कि डेड स्किन व टैनिंग भी निकल जाती है। अधिकतर लड़कियां वैक्सिंग के दौरान होने वाले दर्द के चलते इस ट्रीटमेंट को करवाने से बचती है। जब किसी पार्टी में शॉर्ट ड्रैस या कट स्लीव्स वाली ड्रैस पहननी हो तो अक्सर शर्मिंदी का सामना करना पड़ जाता है। अगर आप भी दर्द से बचने के लिए वैक्सिंग करवाने से बचती है तो परेशान न हो। आज हम आपको कुछ आसान से टिप्स बताएंगे जिससे वैक्सिंग का दर्द कम होगा।



1. वैक्सिंग करवाने से पहले गुनगुने पानी से नहाएं। इससे स्किन पर मौजूद बाल सॉफ्ट और स्किन के पोर्स खुल जाएंगे। शॉवर लेने के बाद वैक्सिंग करने से दर्द भी कम होगा।
2. वैक्सिंग के बाद हमेशा साफ व लूज फिटिंग वाले कपड़े पहनने। ध्यान रखें कि कपड़े हमेशा कॉटन के हो क्योंकि इससे जलन कम होगी और वैक्सिंग स्किन फ्रेश रहेगी।
3. हमेशा वैक्सिंग लगाने के बाद वैक्स स्ट्राइप को बालों की ग्रोथ के विपरीत खींचे ।इससे दर्द कम होगा।
4. सुनने में थोड़ा अजीब है लेकिन वैक्सिंग करवाते समय हमेशा छोटी-छोटी सांसे लें। इससे वैक्सिंग का दर्द कम होगा।
5. वैक्सिंग से पहले अपनी डेड स्किन को स्क्रबिंग के जरिए निकालें। इससे स्किन एक्सफोलिए होगी और वैक्सिंग का दर्द कम होगा।
6. वैक्सिंग के दर्द से बचना चाहते है तो पहले बॉडी को अच्छे से स्ट्रेच करें। इससे वैक्स के दौरान दर्द कम होगा।
7. अक्सर महिलाएं वैक्स करवाने से पहले कॉफी व एल्कोहल लेने की गलती कर देती है जो बिल्कुल गलत है। दरअसल, इन्हें पीने से स्किन ज्यादा सेंसटिव हो जाती है और दर्द ज्यादा होता हैं।
8. कई बार क्या होती है कि महिलाएं वैक्सिंग के बजाए शेविंग का सहारा लेती है। बाद में वैक्सिंग करवाने से दर्द ज्यादा होता है।
9. शरीर के सेंसटिव हिस्से जैसे पलकों, नाक व आईब्रो पर वैक्स न करें क्योंकि यहां की स्किन काफी संवेदनशील होती है जिस वजह से दर्द अधिक होता है।
10. बॉडी के जिस हिस्से पर चोट और सनबर्न या रूखी त्वचा हो तो वहां वैक्स न ही करवाए तो अच्छा है क्योंकि इससे जलन हो सकती है।
11. कभी भी पहले हॉट वैक्स का इस्तेमाल स्किन पर न करें। वैक्स को थोड़ा घंटा होने दें। फिर इसको बॉडी वैक्स के लिए यूज करें क्योंकि इससे स्किन जल भी सकती है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# श्वेता तिवारी ने बॉडीकॉन ड्रेस पहन गिराई बिजलियां



**टीवी सीरियल** से एक अलग पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस श्वेता तिवारी को आज हर कोई जानता है। श्वेता अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियां बटोरती रहती हैं। इसी बीच उन्होंने आज यानी 15 दिसंबर को सोशल मीडिया पर कुछ हॉट तस्वीरें शेयर की है। जिसमें वह कहर ढा रही हैं। दरअसल, श्वेता तिवारी 44 साल की हो चुकी हैं। लेकिन इसके बावजूद उनका ग्लैमरस कम नहीं हुआ है। एक्ट्रेस आए दिन अपने नए पोस्ट से इंटरनेट पर तहलका मचा देती हैं। वहीं उन्होंने जो हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर कुछ फोटोज शेयर की। उसमें एक्ट्रेस ब्राउन कलर की थाई-स्लिट ड्रेस में नजर आ रही हैं। वहीं उन्होंने अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए बोल्ड मेकअप, स्मोकी आइज और बालों में बन बनाया है। इसके साथ एक्ट्रेस ने गोल्डन ईयररिंग्स स्टाइल किया है। इसके अलावा इन फोटोज को शेयर करते हुए कैप्शन में दो मकड़ी की इमोजी बनाई है और अब ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं।

# 25 साल बाद बनी अक्षय कुमार और तब्बू की जोड़ी

**प्रियदर्शन** की भूत बंगला को लेकर जिस तरह की जबरदस्त एक्साइटमेंट है, वह लगातार बढ़ती जा रही है, खासकर फिल्म की घोषणा के बाद। यह फिल्म मोस्ट अवेटेड हॉरर कॉमेडी फिल्मों में से एक है, और इसमें देखने के लिए कई दिलचस्प पहलू हैं। इनमें से सबसे खास बात इसकी शानदार कास्ट है, जो इस फिल्म को और भी स्पेशल बनाती है। दरअसल, यह फिल्म अक्षय कुमार और तब्बू जैसे ऑन-स्क्रीन आइकॉन्स की वापसी भी होने जा रही, जो इसे और ज्यादा रोमांचक और खास बना देती है। जी हां, अक्षय कुमार और तब्बू 25 साल बाद भूत बंगला में अपनी जादूगरी दिखाने के लिए तैयार हैं। बॉलीवुड के ये दो दिग्गज, जिन्होंने अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों के दिलों में जगह बनाई है, इतने सालों बाद फिर से एक साथ नजर आएंगे, जो दर्शकों के बीच एक खास उत्साह पैदा कर रहा है। दिलचस्प बात यह है कि अक्षय और तब्बू ने पहले भी हेरा फेरी और तू चोर मैं सिपाही जैसी क्लासिक फिल्मों में एक साथ काम किया है। इतने सालों बाद उन्हें फिर से एक साथ देखना, फैंस के लिए एक बेहत अनुभव होने व है।





